**Regarding need for implementation of Nation-wide programme for health facilities to little kids suffering with Type I Diabetes**

**श्री हरीभाई पटेल (महेसाणा) :** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन के सामने एक अनूठी पहल की बात करना चाहूंगा, जो आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की जन्मभूमि मेहसाणा जिले से शुरू हुई है।

सभापति महोदय, सामान्य रूप से मानव शरीर में दो प्रकार के डायबिटीज होते हैं। एक डायबिटीज टाइप वन और दूसरी, डायबिटीज टाइप टू है। डायबिटीज टाइप टू का इलाज आसानी से होता है। पीएम जन औषधि केंद्रों में बहुत सस्ते दामों में इसकी दवाइयाँ मिलती हैं।

सभापति महोदय, आज हमें डायबिटीज टाइप वन की बात करनी है। यह ज्यादातर एक साल से छोटे बच्चों में पाया जाता है। छोटे-छोटे बच्चों को दिन में दो-तीन बार इंसुलिन के इंजेक्शन लेने पड़ते हैं। गरीब बच्चों के माता-पिता को इसकी जानकारी भी नहीं होती है। इसलिए, उन बच्चों की आयु कम हो जाती हैं। मेहसाणा जिला में उसका इलाज मुफ्त में किया जाता है। इसी के बारे में गुजरात सरकार ने बजट में राशि का प्रावधान किया है। इसके लिए मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि ऐसी योजना समग्र देश में लागू होनी चाहिए। देश में लाखों बच्चे जो टाइप वन डायबिटीज से पीड़ित हैं, उनके जीवन में एक नई शुरुआत मिलेगी। धन्यवाद।

**माननीय सभापति :** आपकी बात आ गई है।

श्री आदित्य यादव जी।